RAJ EXPRESS, Bhopal, 10.4.2018
Page No. 1, Size:(10.13)cms X (10.87)cms.

ई-आधार के लिए शुरू किया नया क्यूआर कोड, फोटो भी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने ई-आधार के लिए एक नया क्यूआर कोड शुरू किया है। इस क्यूआर कोड में अब आधार धारक की जनसांख्यिकीय जानकारी के साथ-साथ फोटो भी होगी।



इस प्राधिकरण ने एक बयान में कहा है कि उसने ई-आधार पर मौजूदा क्यूआर कोड की जगह नया क्यूआर कोड शुरू किया है। अब तक इस कोड में केवल आधार धारक से जुड़ी जानकारी होती थी। नए कोड में उसकी फोटो भी होगी। गौरतलब है कि क्यूआर कोड बारकोड लेबल का ही एक रूप है जिसमें छुपी सूचनाओं को मशीन पढ़ सकती हैं। ई-आधार, 12 अंकों की विशेष संख्या का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण है जिसे यूआईडीएआई की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। बैंक जैसे संस्थान अब आधार कार्ड का वेरीफिकेशन ऑफलाइन भी कर पाएंगे। सीईओ अजय भूषण ने कहा, 'यह आधार कार्ड के त्वरित सत्यापन की सरल 'ऑफलाइन' प्रणाली है। सूत्रों के अनुसार ऑफलाइन वेरीफिकेशन की इस सुविधा से एक और विकल्प उपलब्ध होगा और यह सुनिश्चित होगा कि धारक को आधार से जुड़ी किसी सेवा से वंचित नहीं किया जाए, लेकिन संबंधित व्यक्ति की प्रमाणिकता के लिए फोटो का लगे हाथ उसके चेहरे से मिलान करना होगा।